समाचार

# अटल परिसर निर्माण कार्य में तेजी लाकर समयसीमा में कार्य पूरा कराएं, वर्क क्वालिटी का रखें विशेष ध्यान – आयुक्त

## (आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने अटल परिसर निर्माण, मल्टीलेवल पार्किंग निर्माण व बाल सुधारगृह पहुंच मार्ग सहित विविध निर्माण कार्यो का किया औचक निरीक्षण)




कोरबा 18 जून 2025 –आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने निगम के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि अटल परिसर निर्माण कार्य में अपेक्षित तेजी लाकर समयसीमा में कार्य को पूरा कराएं, साथ ही मल्टीलेवल पार्किंग के अतिशेष कार्यो व बाल सुधारगृह पहुंच मार्ग सहित सुधारगृह की अन्य व्यवस्थाओं व निर्माण से संबंधित कार्यो को शीघ्र से शीघ्र अंतिम रूप दें। उन्होने कड़े निर्देश दिए कि निर्माण कार्यो की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें तथा यह अंतिम रूप से सुनिश्चित कर लें कि निर्माण कार्य की वर्क क्वालिटी निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप है।

आज आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने अधिकारियों की टीम के साथ विभिन्न विकास व निर्माण कार्यो का औचक निरीक्षण किया। यहॉ उल्लेखनीय है कि राज्य शासन से प्राप्त मद के अंतर्गत विवेकानंद उद्यान (अप्पू गार्डन) के समीप 50 लाख रूपये की लागत से भव्य अटल परिसर का निर्माण निगम द्वारा कराया जा रहा है। आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने आज कार्य स्थल पर पहुंचकर उक्त निर्माण कार्य की कार्यप्रगति की जायजा लिया व कार्य की गुणवत्ता को देखा। उन्होने अभियंताओं को निर्माण कार्य में अपेक्षित तेजी लाने व समयसीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश देते हुए कहा कि कार्य के दौरान गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि परिसर निर्माण का कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप हो रहा है।

**बाल सुधारगृह पहुंच मार्ग निर्माण व अन्य व्यवस्थाओं को 20 दिवस के अंदर पूरा कराएं** – आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने कोहड़िया जलउपचार संयंत्र के पीछे स्थित बाल सुधारगृह का निरीक्षण किया। यहॉ उल्लेखनीय है कि जिला खनिज न्यास मद से जलउपचार संयंत्र के पीछे बाल सुधारगृह का निर्माण पूर्व में कराया गया था, उक्त बाल सुधारगृह में 50–50 सीटर क्षमता वाले 04 ब्लाक निर्मित कराए गए थे। वर्तमान में जिला खनिज न्यास मद के अंतर्गत पौने 02 करोड़ रूपये की लागत से बाल सुधारगृह तक आर.सी.सी. सड़क का निर्माण, स्ट्रीट लाईट व्यवस्था, पार्किंग निर्माण सहित अन्य कार्य प्रगति पर हैं। आयुक्त श्री पाण्डेय ने स्थल निरीक्षण करते हुए इन सभी कार्यो को 20 दिवस के अंदर अंतिम रूप दिए जाने के कड़े निर्देश अभियंताओं व निर्माण एजेंसी को दिए। उन्होने बाल सुधारगृह के सम्पूर्ण परिसर की साफ–सफाई किए जाने व परिसर को व्यवस्थित किए जाने के निर्देश भी अधिकारियों के दिए।

**मल्टीलेवल पार्किंग निर्माण कार्यो में अपेक्षित तेजी लाएं** – आयुक्त श्री पाण्डेय ने निर्माणाधीन मल्टीलेवल पार्किंग के अतिशेष निर्माण कार्यो की कार्यप्रगति का भी निरीक्षण किया। यहॉ उल्लेखनीय है कि जिला खनिज न्यास मद से कोरबा पुराने शहर स्थित सुनालिया पुल से दर्री रोड बाईपास मार्ग पर मल्टीलेवल पार्किंग का निर्माण कराया जा रहा है, जिसका कार्य प्रगति पर है। वर्तमान में मल्टीलेवल पार्किंग में आंतरिक व बाह्य विकास एवं निर्माण कार्य, विद्युत व्यवस्था कार्य, सेनेटरी संबंधित कार्य, भवन का अतिशेष कार्य, पेवर ब्लाक, नाली, लैण्डस्केपिंग आदि के कार्य किए जा रहे हैं। आयुक्त श्री पाण्डेय ने प्रगतिरत कार्यो का सघन रूप से निरीक्षण किया तथा कार्यो में तेजी लाने एवं जल्द से जल्द कार्यो को अंतिम रूप देने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता सुरेश बरूआ, कार्यपालन अभियंता विनोद शांडिल्य, सहायक अभियंता राहुल मिश्रा, पीयूष राजपूत, उप अभियंता अश्वनी दास सहित अन्य अधिकारीगण एवं निर्माण एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।